Roll No. ........................ Total No. of Pages : 4

Total No. of Questions : 7

# प्रवेशिका/सुषमा (5वीं) वार्षिक परीक्षा 2022-23

## विषय कोड : 0503

## हिंदी

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 50**

**नोट** – **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हुए हैं।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए : 5×1=5

(1) मध्य प्रदेश में सिंहस्थ कुंभ मेले का आयोजन होता है–

(अ) ग्वालियर में

(ब) भोपाल में

(स) इन्दौर में

(द) उज्जैन में

(2) भगवान राम ने शबरी के घर क्या खाए थे ?

(अ) आम

(ब) अमरूद

(स) बेर

(द) केले

(3) नाव चलाने वाला कहलाता है–

(अ) नायक

(ब) नाविक

(स) नारद

(द) गायक

(4) जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं वे कहलाते हैं–

(अ) एकार्थी

(ब) अनेकार्थी

(स) समानार्थी

(द) विरुद्धार्थी

(5) "सूरज" का पर्यायवाची शब्द है–

(अ) वसुधा

(ब) मेघ

(स) रवि

(द) मेघराज

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान में लिखिए– 5×1=5

(1) पातालकोट की जनजाति के लोग .................................. की पूजा करते हैं।

(शिवजी/मेघनाद)

(2) कोड़ाना दुर्ग की लड़ाई में .................................. वीरगति को प्राप्त हुए।

(नानाजी मालसुरे/शिवाजी राजे)

(3) लंका के दूत के आने पर बीरबल ने फौरन ........................ बजाई।

(ताली/डुगडुगी)

(4) सुरक्षित शब्द में ........................ उपसर्ग है। (सु/इस)

(5) पानी को ........................ भी कहते हैं। (नीर/धीर)

3. अति लघु उत्तरीय प्रश्न (कोई **पाँच**) : 5×3=15

(*a*) पुष्प वनमाली से क्या कह रहा है ?

(*b*) मालवा की धरती पर कौन-कौनसे राजा हुए हैं ?

(*c*) भारतीय सेना के **तीन** अंगों के नाम लिखिए।

(*d*) ईश्वरचन्द्र का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(*e*) जीवन में अभ्यास का क्या महत्व है ?

(*f*) दशहरे का मेला देखने कौन-कौन गए ?

4. लघु उत्तरीय प्रश्न : 5×2=10

(अ) डॉ. भीमराव अम्बेडकरजी के जीवन की कौन-सी घटना उनके पशुओं के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करती है ?

**अथवा**

"हम भी सीखें" **अथवा** 'मेरा नया बचपन' में से किसी **एक** कविता का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।

(ब) पातालकोट के निवासियों के आमोद-प्रमोद के साधन कौन-कौनसे हैं ?

**अथवा**

हमारे द्वारा अच्छा या बुरा करने का हमारे देश पर कैसा प्रभाव पड़ता है ?

5. अपनी पाठ्यपुस्तक में से किसी एक कविता की **चार** पंक्तियाँ लिखिए। 5

6. अपने प्रधानाध्यापक को बीमारी के कारण चार दिन अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

''विद्यार्थी और अनुशासन'' **अथवा** ''मेरी शाला ऐसी हो'' पर **पाँच** वाक्य लिखिए।

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

समाचार-पत्र आज के मानव जीवन का आवश्यक अंग है। ये ज्ञान वृद्धि के सहज और सुलभ साधन हैं। समाचार-पत्रों में न केवल अपने देश की वरन् दूसरे देशों की खबरें भी छपी होती हैं। इससे हमें अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं की जानकारी मिलती है। कहा भी जाता है कि समाचार-पत्र समाज का दर्पण होते हैं। इनमें खेल-समाचार, फिल्म संसार, कहानियाँ और अन्य मनोरंजक तथा ज्ञानवर्धक सामग्री छपी होती है।

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

(*ii*) समाचार-पत्रों के लाभ लिखिए। 3